लोक सभा अध्यक्ष ने आईसीएआई (ICAI) द्वारा आयोजित एमएसएमई (MSME) नेशनल कन्क्लेव को संबोधित किया

MSME क्षेत्र की लाखों इकाइयां देश के लिए आर्थिक इंजन की तरह हैं : लोक सभा अध्यक्ष

कृषि में नई तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से व्यापक परिवर्तन करने की आवश्यकता है : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 07 जनवरी 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में आईसीएआई (ICAI) द्वारा "एमएसएमई (MSME) के सशक्तीकरण से आत्मनिर्भर भारत की ओर" विषय पर आयोजित एमएसएमई (MSME) नेशनल कॉन्क्लेव को संबोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने आई सी ए आई (ICAI) के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि, आई सी ए आई (ICAI) ने अपनी स्थापना के 71 वर्षों में अपनी प्रामाणिकता और विश्वसनीयता कायम की है और उत्तरोत्तर अपनी गुणवत्ता में वृद्धि की है। ICAI के औद्योगिक एवं आर्थिक योगदान की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि ICAI के मार्गनिर्देशन में GST और MSME सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं जो पूरे देश में 100 से अधिक स्थानों पर लोगों का मार्गदर्शन करेंगे ।

लघु उद्योगों द्वारा किए जा रहे योगदान का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि, MSME क्षेत्र हमारे देश की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तम्भ है। उन्होंने यह भी कहा कि MSME क्षेत्र की लाखों इकाइयां देश के लिए आर्थिक इंजन की तरह हैं तथा इनका देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान है। श्री बिरला ने आगे कहा कि MSME के माध्यम से किफायती, टिकाऊ, गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी वस्तुओं का उत्पादन संभव हो पाएगा जिनका निर्यात भारत पूरी दुनिया को करेगा।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका की बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि, हमारी सबसे बडी ताकत हमारी युवा शक्ति है। हमारी लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है । यदि उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्य में लग जाए तो भारत आर्थिक समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के नौजवान तकनीकी क्षेत्रों में और इनोवेशन के क्षेत्र में अग्रणी हैं । उन्होने इस बात का उल्लेख भी किया कि IT सेक्टर में भारतीय युवा अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं और यदि स्पष्ट नीति और उचित वातावरण हो तो हमारे उद्यमी विश्व में किसी से भी कम नहीं हैं। आत्मनिर्भर भारत इसी ऊर्जा और उद्यमशीलता की भावना पर आधारित है।

कृषि क्षेत्र के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और आने वाले समय में कृषि में नई तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से व्यापक परिवर्तन करने की आवश्यकता है।' उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कृषि क्षेत्र में आर्गेनिक फार्मिंग, फूड प्रोसेसिंग और कृषि उत्पादों में वैल्यू एडिशन की बहुत संभावनाएं हैं।

इससे पहले, ICAI के अध्यक्ष, श्री अतुल कुमार गुप्ता ने श्री बिरला का स्वागत किया।